

# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी



## काव्य मंजरी

### शैक्षिक कविताओं का संकलन

संकलनः- काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# Mission Shikshan Samvad









## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## स्ट्राम्बोली ज्वालामुखी

01

आओ बच्चों! आज जानें,
विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी।
ये भूपटल के छेद हैं जिनसे,
मैग्मा, गैस, राख हो उन्मुखी।।





है स्ट्राम्बोली ज्वालामुखी,
लिपरी द्वीप पर इटली में।
"भूमध्य सागर का प्रकाश स्तंभ"
है यह स्थित सिसली में।।

पिछले दो हजार वर्षों से,
निरंतर विस्फोट हो रहा है।
100 मीटर की ऊंचाई तक,
इससे राख और लावा बहा है।।



दूर से देखो तो ये ज्वालामुखी,
शंकु आकार में दिखता है।
काइसा डेल फूको ("आग की धारा")
इसकी भूगर्भीय विशेषता है।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
ब्लॉक धनीपुर
जनपद अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान

# Mission Shikshan Samvad

शिक्षक का सम्मान





## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## माउंट मेयन

02

ज्वालामुखी, ग्रहों पर मौजूद मुख जैसा,
जिससे गर्म-पदार्थ बाहर निकलते।
लावा, मैग्मा, गैस और राख से,
आस-पास के पदार्थ भी गरम होते।।
माउंट मेयन, फिलीपींस का,
सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है।
यह फिलीपींस की राजधानी मनीला के,
दक्षिण-पूर्व में स्थित है।।





माउंट मेयन, ज्वालामुखी के फटने से,
हजारों लोगों ने इस द्वीप को छोड़ा।
यह दिखता है कोन की भाँति,
लावा हर ओर से निकले थोड़ा-थोड़ा।।
विस्फोट में नष्ट "सेंटफ्रांसिस चर्च" देखने,
दुनियाभर से पर्यटक आते हैं।
जो लावा में जलकर स्टोन बन गया,
जिसको अब "स्टोन-टावर" कहते हैं।।




रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा









# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## पोपा (शान्त ) ज्वालामुखी

03

जिसमें कभी न हुआ हो विस्फोट,
उसे शान्त ज्वालामुखी कहते हैं।
इनमें न होता कभी उद्गार,
इसलिए इन्हे मृत भी कहते हैं।।



शान्त ज्वालामुखी कभी भी,
नहीं हानिकारक होते हैं।
क्योंकि ये सदैव ही शान्त,
अवस्था में पड़े होते हैं।।

माउन्ट पोपा म्यांमार में,
एक मृत ज्वालामुखी।
समुद्र तल से 1528 मीटर,
ऊँचाई पर यह स्थित ज्वालामुखी।।



ईरान, म्यांमार, अफ्रीका में,
शान्त ज्वालामुखी पाए जाते हैं।
शान्त ज्वालामुखी के मुख अक्सर,
नदी, झील के पानी से पूरे भर जाते हैं।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि०- भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट

# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## एलब्रुस, जॉर्जिया

04



एलब्रुस पर्वत एक सुप्त ज्वालामुखी है,
कॉकस पर्वत श्रृंखला में स्थित।
यह यूरोप में है या एशिया में,
आज तक भी यह बात है विवादित।।

अगर इसको यूरोप में माना जाए,
तो यह है यूरोप का सबसे ऊँचा पर्वत।
रूस के काराचाए-चरकस्सीया क्षेत्र में,
जॉर्जिया की सीमा के नजदीक है स्थित।

इसके ऊपर एक बर्फ की,
ओढ़नी हमेशा जमी रहती।
जिससे बाइस हिमानियाँ नीचे को,
बर्फ़ का लगातार बहाव चालू रखतीं।।

हालाँकि एलब्रुस को एक मृत,
ज्वालामुखी है माना जाता।
वैज्ञानिकों के अनुसार इसके नीचे,
बड़ा और गहरा मैग्मा का भण्डार रहता।।

रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
बागपत, बागपत







# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## फ़्यूजियामा ज्वालामुखी

**05**

फूजी पर्वत पर पाया जाता,
फ्यूजियामा नाम कहाता।
जापान के होंशू द्वीप में स्थित,
उच्च ज्वालामुखी में आता।।





संस्कृति में रखे स्थान,
जापान में करे आदर-सम्मान।
फूजी सान चाहे फूजी जी,
नामों से ये पुकारा जाता।।

३५ वीं सबसे ऊँची,
उदग्रता इसकी देखी जाती।
आरोहण एक भिक्षु द्वारा,
प्रसुप्त ज्वालामुखी में गिनती आती।।

रचना
आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
क० वि० शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)



# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## किलिमंजारो ज्वालामुखी

06

उत्तरी पूर्वी तंजानिया में स्थित,
किलिमंजारो नाम है जिसका।
विश्व का प्रसिद्ध ज्वालामुखी,
स्थान अफ्रीका महाद्वीप है इसका।।



अफ्रीका का सबसे बड़ा पर्वत,
विश्व का ऊँचा एकल पर्वत।
"सेवन समिट्स" में शामिल है यह,
चौथा सबसे ऊँचा पर्वत।।

तीन अलग-अलग ज्वालामुखी,
कीबो, मावेंजी और शिरा।
यह एक संयुक्त ज्वालामुखी,
तीनों से मिलकर बना हुआ।।

मावेंजी और शिरा हैं निष्क्रिय,
जमी है इस पर कई परत।
तीसरी सबसे ऊँची चोटी,
कीबो है अभी भी सुप्त।।

रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



शिक्षा का उत्थान

# Mission Shikshan Samvad

शिक्षक का सम्मान

## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## माउंट ताल, फिलीपींस

07

पृथ्वी की सतह पर एक,
ऐसी दरार या मुख होता है।
इससे पृथ्वी के भीतर से गैस,
राख, लावा बाहर आता है।।



फिलीपींस देश के लूजोन द्वीप में,
विश्व का दूसरा सक्रिय ज्वालामुखी है।
यह राजनैतिक और आर्थिक केंद्र है,
यहाँ फिलीपींस की 53% आबादी है।।

इसमें अब तक 33 विस्फोट हुए हैं,
आखिरी बार नवम्बर 1877 में हुआ।
इसके क्रेटर में एक ताल झील है,
जिसका नाम माउंट ताल रखा गया।।

12 से 14 जनवरी 2020 में माउंट ताल में,
महसूस किए गए भूकम्प के झटके।
हालांकि कोई विस्फोट नहीं हुआ,
यही है सबकी प्रार्थना ऐसा न हो फिर से।।

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
पू० मा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# Mission Shikshan Samvad

## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## टैम्बोरा, इंडोनेशिया

08

इंडोनेशिया के सुमबवा द्वीप,
पर स्थित है टैम्बोरा ज्वालामुखी।
अब तक का सबसे भयानक,
और विस्फोटक है ये ज्वालामुखी।।



इटली के पोंपई जैसा ही,
ये ज्वालामुखी भयावह रहा।
इसने पूरे द्वीप को ही खत्म किया,
सैकड़ों को मौत ने सुला दिया।।

जंगल और घर बन गए हैं,
ज्वालामुखी से आग का गोला।
यह दृश्य देखकर हर किसी का,
कठोर से कठोर हृदय भी डोला।।

अप्रैल 1815 मे शॉक्सवेब के कारण,
इसमें एक जोरदार धमाका हुआ।
लावा सैकडों फीट ऊपर निकला,
और बहुत दूर-दूर तक फैल गया।।

रचना- रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
पू० मा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत





# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी







## विसुवियस, इटली

09

विसुवियस ज्वालामुखी का एक प्रकार।
इससे पूरा होता ज्वालामुखी परिवार।।



इटली में यह ज्वालामुखी स्थित है,
1481 मीटर इस पर्वत की ऊँचाई।
विसुवियस ने 24 अगस्त सन 79 में,
पॉम्पाई शहर में तबाही मचायी।।

अचानक इसमें हुआ उद्गार,
हर ओर फैला धुएँ का गुब्बार।
विस्फोट ने लावा फैलाया,
पॉम्पाई में फैला मातम का साया।।

कुछ वर्षों तक शांत रहा यह,
फिर उद्गार फैलाया।
1944 में अंतिम विस्फोट हुआ,
प्रसुप्त ज्वालामुखी कहलाया।।



नाम- दीपिका वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० मदरी प्रथम
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# Mission Shikshan Samvad

# विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

## क्राकाटोआ ज्वालामुखी (इण्डोनेशिया)

10



विश्व के प्रमुख ज्वालामुखियों में,
है एक क्राकाटोआ।
उत्सर्जित करता है जो,
जहरीली गैसें, मैग्मा, लावा।।

ऊँचाई आठ सौ तेरह मीटर,
था जो पहले सुषुप्त अवस्था में।
अनक क्रुकटु पर्वत के नाम पर,
हुआ प्रसिद्ध यह दुनिया में।।

अगस्त उन्नीस सौ तिरासी में,
बड़े विस्फोट ने किया नुकसान।
कई द्वीप कर दिये नष्ट और,
ली चार सौ तीस लोगों की जान।।



जकार्ता के जावा-सुमात्रा,
द्वीप में यह ज्वालामुखी स्थित।
दो हजार अट्ठारह में आयी सुनामी,
कई लोग हुए विस्थापित।।

रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू०मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान

# Mission Shikshan Samvad

शिक्षक का सम्मान

## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

### माउण्ट एटना 11

कई तरह के होते ज्वालामुखी,
माउण्ट एटना है सक्रिय ज्वालामुखी।
स्थित है यह इटली देश सिसली में,
रहता है सदैव जाग्रत अवस्था में।।



सबसे ऊँचा पर्वत यूरोप का,
सिसली के पूर्वी तट पर माउंट एटना।
स्ट्रेटोवाल्केनो है सक्रिय ज्वालामुखी,
3,326 मी० ऊँचा है ज्वालामुखी।।




1992 में हुआ बड़ा विस्फोट,
होते निरन्तर इसमें विस्फोट।
मिला खिताब डिकेड वाल्केनो का,
हिस्सा बना विश्व धरोहर सूची का।।

दी हजार अट्ठारह में,
जोर दार विस्फोट हुआ।
लावा, मैग्मा और धूल से
वातावरण आच्छादित हुआ।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी

### रचनाकारों की सूची

1. पूनम गुप्ता, अलीगढ़
2. नैमिष शर्मा, मथुरा
3. शहनाज़ बानो, चित्रकूट
4. जितेन्द्र कुमार, बागपत
5. आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
6. हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
7. ज्योति सागर, बागपत
8. रीना कुमारी, बागपत
9. दीपिका शर्मा, फतेहपुर
10. शिखा वर्मा, सीतापुर
11.प्रतिमा उमराव, फ़तेहपुर

***तकनीकी सहयोग***

सुधांशु श्रीवास्तव, फ़तेहपुर

मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद